होम गार्ड्स को मेडल देने के लिये राज्य सरकार को भेजा जाएगा एक प्रस्ताव

चर्चा में क्यों?

8 अगस्त, 2023 को हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने चंडीगढ़ में गृह रक्षी एवं नागरिक सुरक्षा विभाग (होमगार्ड) के उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि गृह रक्षी (होम गार्ड) स्वयं सेवकों को उत्कृष्ट सेवाएँ देने के लिये मेडल से सम्मानित करने हेतु जल्द ही एक प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- इसके अलावा, गृह मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य के सभी होम गार्ड्स को प्रत्येक माह की 7 तारीख तक उनका ड्यूटी भत्ता मिल जाना चाहिये।
- बैठक में उन्होंने बताया कि होम गार्ड्स को पुलिसिंग ड्यूटी के लिये पुलिस कर्मचारियों की तर्ज़ पर जोखिम भत्ता देने हेतु एक प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजा जाएगा।
- साथ ही, स्वयं सेवकों द्वारा पोस्टल बैलेट का प्रयोग करने हेतु एक प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेजा जाएगा।
- बैठक में गृह मंत्री को अवगत कराया गया कि राज्य में 14 हज़ार होमगार्ड की क्षमता (स्ट्रेंथ) है और वर्तमान में राज्य में 12 हज़ार होमगार्ड कार्यरत् हैं, जिनमें से 9050 गृह रक्षी स्वयं सेवक पुलिस विभाग में कानून व्यवस्था, यातायात एवं चालक इत्यादि की ड्यूटियों का निर्वहन कर रहे हैं।
- गृह मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि होम गार्ड्स को ईपीएफ इत्यादि देने का प्रावधान किया जाए।
- बैठक में अधिकारियों ने बताया कि गृह रक्षी स्वयं सेवकों को एचडीएफसी बैंक द्वारा एक्सीडेंटल डेथ क्लेम 15 लाख रुपए से बढ़ाकर 50 लाख रुपए किया गया है।
- इसके अलावा, प्राकृतिक मृत्यु होने पर स्वयं सेवकों के आश्रित को बैंक द्वारा 3.25 लाख रुपए देने का भी प्रावधान किया गया है।
- बैठक में अधिकारियों ने अवगत कराया कि वर्तमान में हरियाणा गृह रक्षी स्वयं सेवकों को पंचकूला स्थित संयुक्त प्रशिक्षण संस्थान में समय-समय पर विभिन्न प्रशिक्षण (यातायात, बाढ़ आपदा, प्राथमिक सहायता इत्यादि) दिये जा रहे हैं।
- इसके अलावा होम गार्ड्स को जल्द ही करनाल में स्थापित होने वाले प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।
- वर्तमान में 14 ज़िलों के गृह रक्षी स्वयं सेवकों के पहचान-पत्र बनवाए गए है तथा शेष ज़िलों के पहचान-पत्र प्रक्रियाधीन हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/a-proposal-to-honour-home-guards